## सार-समाचार

### पुस्तक का लोकार्पण

**उदयपुर,** 27 मई। लोक साहित्य मनीषी डॉ. महेंद्र भानावत का मत है कि मेवाड में वाचिक और कंठ आधारित साहित्य की सुदीर्घ परंपरा रही है जो अभी भी सुरक्षित है और शोध के योग्य हैं। डॉ. भानावत ने यह बात डॉ. चम्पादास कामड की नवीन पुस्तक 'सिद्धों के जाप सबद और कामड लोकगाथाएं' का लोकार्पण करते हुए कही। अपने आवास पर एक संक्षिप्त आयोजन में उन्होंने मेवाड की सिद्ध, योगी, संत और साधकों की परंपराओं को रेखांकित किया। उनका कहना था कि बदलती परिस्थितियों के कारण वाचिक परम्परा में प्रचलित बातों का विलुप्त होने का खतरा अधिक होता है। उनका दस्तावेजीकरण महत्वपूर्ण कार्य है। सिद्ध समुदाय के जाप शब्दों का संग्रह एवं प्रकाशन लोकसाहित्य का एक अतुल्य कार्य सम्पादन हुआ है। डॉ. श्रीकृष्ण 'जुगनू' ने स्पष्ट किया कि तिब्बत से लेकर गांधार तक और हिमालय से गिरणार तक सिद्धों की समृद्ध विरासत रही है। लेखक डॉ. चंपादास कामड ने कहा कि पिछले लगभग 35 वर्षों के श्रम सहित संगति, विश्वास और भेंट उपचार के बाद ऐसे जाप सबदों का संग्रह और संपादन उनके आनुष्ठानिक विधान समेत संभव हो सका है। डॉ. तुक्तक भानावत ने पुस्तक की उपयोगिता बताई और कहा कि लंबे अध्ययन और विश्लेषण की सुन्दर अनुभूतियां इस पुस्तक में देखी जा सकती हैं। यह आने वाले समय में अनेक शोध कार्यों की प्रस्थान बिंदु सिद्ध होगी। आयोजन में जिनेन्द्र दास, अर्थाक भानावत आदि ने भी भागीदारी की।

### परिण्डों का रखरखाव जरूरी

**उदयपुर।** पशु पक्षियों को गर्मी से राहत देने के लिए वर्तमान में कई संस्थाओं द्वारा परिण्डों का वितरण किया जा रहा है। इन परिण्डों का उचित प्रबंधन व संरक्षण नितान्त आवश्यक है। राजकीय पशुपालन प्रशिक्षण संस्थान में आयोजित संगोष्ठी में उपनिदेशक डॉ. सुरेन्द्र छंगाणी ने कहा कि परिण्डों में पानी रहने से एक उनमे शैवाल (काई) जम जाती है एवं साथ ही पक्षियों की विष्ठा पानी में गिरने से कई बीमारियों का कारक बन जाती है। उन्होंने समय-समय पर परिण्डों को साफ करने एवं दोपहर के समय एक बार परिण्डों का पानी अवश्य बदलने का आह्वान किया। इस अवसर पर संस्थान के वरिष्ठ प्रशिक्षण अधिकारी डॉ. पद्मामील, डॉ.सुरेश शर्मा एवं पशुपालन डिप्लोमा में अध्ययनरत विद्यार्थियों ने भी अपने विचार रखे।

### चार आरोपी गिरफ्तार

**उदयपुर,** 27 मई। कुराबड थाना पुलिस ने अवेध हफ्ता वसूली करने के लिए मारपीट करने वाले चार आरोपियों को कुराबड़ थाना पुलिस ने गिरफ्तार किया। जिला पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गोपाल स्वरूप मेवाड़ा, पुलिस उप अधीक्षक गजेन्द्रसिंह के सुपरविजन में कुराबड़ थानाधिकारी चेलसिंह के नेतृत्व में गठित दल ने 26 मई को पीडित इरफान काटात पुत्र अजमल काटात निवासी ब्यावर द्वारा आरोपियों द्वारा अवैध वसूली नहीं देने पर मारपीट करने की पुलिस थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाने पर जांच शुरू की। इस मामले में महिपालसिंह पुत्र महेन्द्र सिंह निवासी कुराबड़ हॉल नाकोड़ा नगर रकमपुरा, शैतानसिंह पुत्र कल्याणसिंह निवासी आसावरा डबोक,महेन्द्र साहु पुत्र बाल कृष्ण निवासी आजाद मोहल्ला कुराब एवं हिमांशु पंवार पुत्र अशांक निवासी गांधीनगर मल्लातलाई अम्बामाता डिटेन कर पूछताछ बाद गिरफ्तार किया।

### ऑर्थोग्नेथिक वर्कशाप सम्पन्न

**उदयपुर,** 27 मई। पेसिफिक दंत महाविद्यालय देबारी में दो दिवसीय ऑर्थोग्नेथिक वर्कशाप का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अध्यक्ष डॉ भगवानदास रॉय व सचिव डॉ हिमांशु गुप्ता थे। डॉ. हिमांशु गुप्ता ने बताया कि इस वर्कशॉप का मुख्य उदेश्य डॉक्टर्स द्वारा जबडे की विकृति को ऑपरेशन द्वारा सही स्थिति में व्यवस्थित करना था। कार्यशाला में सम्पूर्ण भारत से 70 डॉक्टर्स ने भाग लिया। चेन्नई से आए डॉ. थीरूनिलकन्दन, डॉ. अरूण व डॉ. जिमसन ने पेपर प्रस्तुत किया। एक मरीज को ऑपरेट कर उसकी फोटो कार्यशाला में भाग लेने वाले सभी डॉक्टर्स को साझा की गई। ऑपरेशन बैंगलुरू से आए डॉ. दीपेश रॉव एवं डॉ. काननबालारमन ने किया। एनेस्थीसिया डॉ. दीपक शाह ने दिया। ऑपरेशन थियटर में डॉ. जिब्रान, डॉ. प्रियका, डॉ. भौतिक, डॉ. आयूषि, डॉ. मानसी एवं हिमांशु व्यास उपस्थित थे।

### विद्या वाचस्पति की उपाधि मिली

**उदयपुर,** 27 मई। मरू और मेरू की सिरमौर शेखावाटी धरा की प्रख्यात कवयित्री, साहित्यकार, समाजशास्त्री, समीक्षक एवं शिक्षाविद् विमला महरिया को मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय द्वारा उनके द्वारा समाजशास्त्र विषय में किए गये शोध कार्य के लिए विद्या वाचस्पति की उपाधि से विभूषित किया गया है। इस अवसर पर शोध निर्देशिका डॉ. आशा गुप्ता, विभागाध्यक्ष डॉ. पूरनमल यादव, प्रोफेसर राजू सिंह, प्रोफेसर ज्योति उपाध्याय (एक्टर्नल), डॉ. कामिनी व्यास सहित अन्य विभागीय अधिकारी और शोधार्थी उपस्थित रहे।ज्ञातव्य है कि विमला महरिया साहित्य जगत में निरंतर सक्रिय हैं और इनकी लगभग दो दर्जन से अधिक पुस्तकें तथा आधा दर्जन शोध पत्र प्रकाशित हो चुके हैं। अपने बहुआयामी और उपयोगितावादी लेखन क्षमता के कारण विभिन्न राज्य स्तरीय व राष्ट्रीय स्तर की संस्थाओं से सम्मानित हो चुकी हैं।

### नर्सिंग स्टाफ से चर्चा की

**उदयपुर,** 27 मई। गीतांजली में नर्सिंग स्टाफ के साथ गीतांजली मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल के चीफ नर्सिंग ऑफिसर विजेंद्र सिंह राठौड ने सेशन लिया। जिसके अंतर्गत रोगी के उपचार में नर्सिंग केयर का महत्व,रोगी के लाभ के लिए जानकारी, रोगी के लाभ के लिए सही समय पर सही निर्णय,रोगी बडी मीटिंग प्रोग्राम,एक्मो क्या है और उसके क्या फायदे हैं, पेलीएटिव केयर व अभी के समय को देखते हुए नर्सिंग के क्षेत्र में आ रहे बदलावों पर भी चर्चा की गया।

# पी.एम.सी.एच. में हेपैटिक एन्सेफैलोपैथी के मरीज़ का सफल इलाज

**उदयपुर,** 27 मई। पेसिफिक मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल में लिवर से जुडी एक बीमारी हेपैटिक एन्सेफैलोपैथी के मरीज का सफल उपचार कर नया जीवन दिया। दरअसल 52 वर्षीय मरीज को परिजन बुखार,भूख न लगने,कमज़ोरी एवं विहोशी की हालत मे पीएमसीएच के इमरजेन्सी मे लेकर आए। जहॉ मेडिसिन विभाग के प्रोफेसर डॉ.वी.के.गोयल एवं उनकी टीम ने

■ **22 दिन तक आईसीयू में मरीज रहा भर्ती**

मरीज की गंभीर हालत को देखतें हुए तुरन्त आईसीयू में भर्ती कियातो पता चला की मरीज को लिवर से जुड़ी गंभीर बीमारी हेपैटिक एन्सेफैलोपैथी है। जिसका अगर समय पर इलाज न किया जाए तो यह सीधे दिमाग पर असर करती है। मरीज के परिजनो ने बताया कि मरीज 20 साल से अधिक समय से शराब का सेवन रोज़ाना करता था एवं पिछले 15 दिन से बुखार आना व अनियमित आहार, पेशाब कम आना जैसी शिकायत कर रहा था।मेडिसिन विभाग के प्रोफेसर डॉ.वी.के.गोयल ने बताया कि मरीज की जांच करने पर पता पड़ा की मरीज़ के लिवर में सूजन है साथ ही उसकी गुर्दे पर भी असर पड़ा है। बेहोशी के कारण मरीज़ को खाना भी नाक के रास्ते से ही दिया। मरीज़ एन्सेफैलोपैथी ग्रेड 3 में था। धीरे धीरे

पीएमसीएच में हेपैटिक एन्सेफैलोपैथी के मरीज़ का सफल इलाज करने वाली डाक्टर्स टीम व मरीज।

मरीज़ की स्थिति सुधरी,पहले गुर्दे की स्तिथि ठीक हुई फिर खून में इन्फेक्शन, और फिर धीरे धीरे होश आना शुरू हुआ। करीब 22 दिन आईसीयू, 8 दिन एचडीयू और 5 दिन प्राइवेट वार्ड में रहने के बाद मरीज़ को होश आया। डॉ.गोयल ने बताया लिवर का काम हमारे शरीर से विषाक्त पदार्थों को निकालना होता है। अगर लिवर ठीक से काम न कर पाए तो रक्त में विषाक्त पदार्थ जमा होने लगते हैं और इसका सीधा असर दिमाग पर पड़ता है। यह बीमारी उन लोगों में होती है जो लम्बे समय से शराब पीने की वजह से लिवर कमज़ोर हो जाता है। जिसके चलते लिवर की खून को फिल्टर करने की क्षमता कम हो जाती है। इस वजह से खून में गन्दगी (अमोनिया) का असर दिमाग पे पड़ता है और मरीज़ कोमा जैसी स्तिथि में पहुँच सकता है। लिवर में दर्द होना हेपैटिक एन्सेफैलोपैथी का शुरुआती लक्षण होता है और इसके अलावा अगर आपको लिवर में दर्द के साथ-साथ कब्ज जैसी समस्याएं भी हो रही है, तो आपको जल्द से जल्द डॉक्टर से परामर्श लेना चाहिए। मरीज का मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना में नि:शुल्क इलाज किया। रोगी अब पूर्ण रूप से स्वस्थ है एवं उसे छुट्टी दे दी गई है। परिजनों ने पीएमसीएच के चेयरमेन राहुल अग्रवाल,एक्जीक्यूटिव डॉयरेक्टर अमन अग्रवाल, सभी चिकित्सकों, मैनेजमेंट, नर्सिंग कर्मियों एवं स्टाफ का आभार जताया।

## कनिका बैरवा ने साझा किए सफलता के मंत्र

**उदयपुर,** 27 मई। मेहनत का फल अच्छा होता है यह साबित कर दिया कनिका बैरवा ने । कनिका ने एन एल यू, गांधीनगर में स्थान पाकर न सिर्फ अपना अपितु संस्थान एवं उदयपुर शहर का भी नाम रोशन किया है। इस दौरान अनुष्का ग्रुप में उनके परीक्षा से जुडी रणनीति और एग्जाम के स्ट्रेस का कैसे प्रबंधन करे जैसे विषयो पर सेमिनार आयोजित किया गया । संस्थान के निदेशक राजीव सुराणा ने कनिका का सम्मान कर उन्हें भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। सुराणा ने बताया कि यदि किसी भी कार्य को तन्मयता एवं एकाग्रता के किया जाए तो मंजिल पाना मुश्किल नहीं है और यही सिद्ध किया है कनिका ने। अनुष्का के संस्थापक डॉ. एस. एस. सुराणा ने भी क्लैट की तैयारी कर रहे अभ्यर्थियों का मनोबल बढाया।

# महाराज शक्ति सिंह जी जयन्ती महोत्सव का हुआ आयोजन

**भीण्डर।** महाराणा प्रताप के अनुज महाराज शक्ति सिंह जी की 482 वीं जयन्ती सोमवार को राजमहल भीण्डर में मनाई गई। महाराज शक्ति सिंह जी जयन्ती महोत्सव के शुभारंभ पर सभी लोगों ने महाराजा शक्ति सिंह के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। कार्यक्रम की अध्यक्षता अखिल भारतीय क्षित्रय महासभा प्रदेश अध्यक्ष रणधीर सिंह भींडर, मुख्य अतिथि मेवाड़ क्षित्रय महासभा के केन्द्रीय अध्यक्ष अशोक सिंह मेतवाला ,विशिष्ट अतिथि रावत भूपेंद्र सिंह बानसी ,रावत विक्रम सिंह बोहेड़ा, ठ्राप कैप्टन गजेंद्र सिंह बानसी, भूपेंद्र सिंह सावर, पूर्व प्रधान शक्तिसिंह मुरलिया, दिग्विजय सिंह पिपलिया, ऋतुराज सिह ओछ्ड़ी रहे।

इस दौरान आयोजित कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि महाराणा प्रताप से उम्र में दो वर्ष छोटे महाराज शक्ति सिंह जी जिन्होंने 1567-68 में अकबर के चितौड़ पर आक्रमण की सर्वप्रथम सूचना महाराणा उदय सिंह जी को दी थी जिसके कारण ही सम्पूर्ण राज परिवार सुरक्षित रह पाया।

हल्दीघाटी युद्ध में महाराणा प्रताप का पीछा कर रहे खुरासान व मुल्तान सैनिकों को मारकर प्रताप की रक्षा की। फिर स्वयं का घोड़ा प्रताप को भेंटकर युद्ध क्षेत्र से सकुशल निकलने में मदद करने वाले भी महाराज शक्ति सिंह जी ही थे। शक्तावतों की बीरदावली दूणा दातार चौगुणा जुझार, खुरासाण मुलताण रा आगल है।

महाराज शक्तिसिंह जी के वंशज शक्तावत कहलाये जिनका सम्पूर्ण क्षैत्र में काफ़ी मान सम्मान रहा है। शक्तावतों को दो बड़े ठिकाने भीण्डर व बान्सी को मेवाड़ में उमराव की पदवी दी गई थी व और कई ठिकाने मेवाड़ में हुए जिनको उनकी बहादुरी के लिए महाराणा मेवाड़ ने स्वयं ने जागीरें प्रदान की थी।ये जागीरें ज़्यादातर मेवाड़ की सीमाओं पर दी गई थी ताकि बाहरी आक्रमण को सँभाला जा सके। इस दौरान वक्ताओं ने कहा कि आने वाले समय में इस कार्यक्रम को विस्तृत रूप से मनाया जाये। महाराजा शक्ति सिंह की पनोरमा बनाई जाये, महाराजा शक्ति सिंह की छतरी का जिर्णोद्धार किया जाये। महाराजा शक्ति सिंह के जीवन परिचय को जन जन तक पहुंचाने के साथ ही जो भी साहित्य में उनके जीवन परिचय को लेकर जो भ्रांतियां हैं उनको दुर किया जाये।

# 15 दिवसीय खुदरा उर्वरक विक्रेता प्राधिकार पत्र प्रशिक्षण का समापन

**उदयपुर,** 27 मई। एमपीयूएटी शिक्षा, शोध व प्रसार के साथ-साथ ग्रामीण युवाओं के लिए रोजगारपरक पाठ्यक्रम भी संचालित करता है ताकि स्थानीय स्तर पर ही उन्हें रोजगार मिल सके। प्रसार शिक्षा निदेशालय की ओर से खुदरा उर्वरक विक्रेता का यह प्रशिक्षण सतत् रूप से संचालित है और अब तक सैकडो युवा अपने गांवों में सफल उर्वरक विक्रेता के रूप में अपनी साख जमा चुके है। कार्यवाहक प्रसार शिक्षा निदेशक एवं प्राध्यापक डॉ. लतिका व्यास ने सोमवार का यह बात कही। डॉ. लतिका निदेशालय की ओर से आयोजित 15 दिवसीय खुदरा उर्वरक विक्रेता प्राधिकार पत्र प्रशिक्षण के समापन सत्र को बतौर मुख्य अतिथि सम्बोधित कर रही थीं। 13 से 27 मई तक आयोजित प्रशिक्षण में उदयपुर, राजसंमन्द, बांसवाड़ा, सलूम्बर और भीलवाडा जिलों से 36 ग्रामीण युवाओं ने प्रशिक्षण प्राप्त किया। डॉ. लतिका व्यास ने कहा कि प्रशिक्षणोपरांत ग्रामीण युवा विवि और किसानों के बीच एक मजबूत सेतु की भूमिका भी अदा करते हैं क्योंकि फसलों में कोई भी समस्या आने पर किसान स्थानीय उर्वरक विक्रेता से भी अवश्य सम्पर्क साधता है ऐसे में उर्वरक विक्रेता को विवि के वैज्ञानिकों, कृषि विभाग से सतत् सम्पर्क बनाये रखना चाहिए ।

### अवैध गांजा बरामद

**उदयपुर,** 27 मई। बैकरिया थाना पुलिस ने नाकाबंदी के दौरान बाइक सवार दो बदमाशों के कब्जे से अवैध गांजा जब्त कर प्रकरण दर्ज किया।

जिला पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गोपाल स्वरूप मेवाड़ा, पुलिस उप अधीक्षक राजेन्द्रसिंह राठौड़ के सुपरविजन में बैकरिया थाना इंचार्ज उत्तमसिंह के नेतृत्व में गठित दल ने अवैध मादक पदार्थो के खिलाफ कार्यवाही करते हुए 5 किलों 50 ग्राम अवैध गांजा जब्त कर दोनों ओरापियों को गिरफ्तार कर प्रकरण दर्ज किया।

## सार-समाचार

### दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस

**उदयपुर,** 27 मई। भूपाल नोबल्स स्नातकोत्तर महाविद्यालय में रसायन विभाग द्वारा इमर्जिंग ट्रेंड्स इन केमिकल साइंसेज फॉर सस्टेनेबल डेवलपमेंट विषय पर 28 एवं 29 मई को दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया जा रहा है। हाइब्रिड मोड पर आधारित कॉन्फ्रेंस में देश-विदेश से प्राप्त 170 से अधिक शोध पत्र प्रस्तुत किए जाएंगे। मुख्य संरक्षक एवं विवि चेयरपर्सन प्रो.कर्नल शिवसिंह सारंगदेवोत, संरक्षक एवं विवि अध्यक्ष डॉ. महेंद्र सिंह राठौड, सह संरक्षक एवं विवि कुल सचिव मोहब्बत सिंह राठौड के अनुसारआयोजन से शोधार्थियों द्वारा प्राप्त निष्कर्ष से नये आयाम एवं चिंतन की नई दिशाएं तय होगीं। कॉन्फ्रेंस अध्यक्ष डॉ. रेणू राठौड एवं कॉन्फ्रेंस निदेशक डॉ. रितु तोमर ने बताया कांफ्रेंस में पांच तकनीकी सत्र होंगे साथ ही ओरल प्रेजेंटेशन एवं पोस्टर प्रेजेंटेशन भी इसी के तहत होंगे। आयोजन सचिव, विभागाध्यक्ष डॉ.नरेंद्र सिंह चुंडावत,भू.नो.वि. एवं डॉ.जय सिंह जोधा,ज.रा.ना.रा.वि.ने विस्तृत रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए कहा कि कार्यक्रम में देश-विदेश के प्रसिद्ध विषय विशेषज्ञ सम्मिलित होंगे साथ ही उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में प्रो. अजय कुमार शर्मा, वाइस चांसलर एमबीएम यूनिवर्सिटी, जोधपुर अतिथि के रूप में प्रो. अनामिक शाह, पूर्व वाइस चांसलर, गुजरात विद्यापीठ अहमदाबाद एवं कीनोट स्पीकर के रूप में डॉ.सतीश चंद्र तिवारी, पूर्व डायरेक्टर प्रोसेस केमिस्ट्री आरओटीएएम एग्रोकेमिकल हॉन्ग कोंग, डॉ एलेसेंड्रॉ बासों, ग्लोबल डायरेक्टर सेल्स एंड मार्केटिंग लाइफ साइंस, चीन एवं समापन सत्र में मुख्य अतिथि प्रो. सुनीता मिश्रा,वाइस चांसलर मो.सु.वि. उदयपुर तथा सम्मानीय अतिथि प्रो.बी एल चौधरी, पूर्व वाइस चांसलर मो.सु.वि.उदयपुर भी उपस्थित होंगे।

### साहित्यिक आयोजन रिदम शुरू

**उदयपुर,** 27 मई। मोहनलाल सुखाडिया विवि के शिक्षा संकाय में तीन दिवसीय सांस्कृतिक एवं साहित्यिक प्रतियोगिताएं रिदम की शुरुआत हुई । कार्यक्रम की मुख्य अतिथि प्रो. सुनीता मिश्रा, कुलपति मोहनलाल सुविवि, डॉ प्रभा बाजपेयी , प्राचार्य , राजस्थान महिला शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय, प्रो. दिग्विजय भटनागर अध्यक्ष, शिक्षा संकाय, डॉ. अल्पना सिंह ,प्रमुख शिक्षा संकाय के द्वारा दीप प्रज्वलन से किया गया । कार्यक्रम में शिक्षा संकाय के प्रशिक्षणार्थियों द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुति का आयोजन किया गया। प्रथम दिवस मेहंदी प्रतियोगिता ,पोस्टर मेकिंग (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) एवं एकल गीत का आयोजन किया गया । विशिष्ट अतिथि डॉ. प्रभा वाजपेयी ने कहा कि यह मंच आपके लिए उपयोगी होगा और आपकी प्रतिभाएं सामने आएगी। अतिथियों को शिक्षा संकाय अध्यक्ष एवं शिक्षा संकाय प्रमुख द्वारा स्मृति चिन्ह भेंट किए ।

### हमले में युवक घायल

**उदयपुर,** 27 मई। आपसी रंजिश के चलते हमलावर चाकू से हमला कर युवक को गंभीर घायल कर फरार हो गए।

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार पीडित मो. कलाम पुत्र अब्दुल रहमान निवासी गोसिया कॉलोनी गलीनं. 3 पर आरोपी ईरफान उर्फ भैया, मोगरी, चिकु ने आपसी रंजिश के चलते मारपीट की इस दौरान इरफान चाकू से हमला कर फरार हो गया। कलाम ने पूर्व में आरोपियों के साथ मारपीट की थी। इसी रंजिश के चलते 26मई को मौका देख आरोपी हमला करफरार हो गए। हमले में घायल कलाम को उपचार के लिए चिकित्सालय में भर्ती करवाया। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जिसकी जांच एएसआई चन्द्रभान सिंह को सौंपी है।

### अज्ञात युवक की अकाल मौत

**उदयपुर,** 27 मई। शहर के प्रताप नगर थाना क्षैत्र में व्यक्ति की अकाल मौत हो गई। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार सोमवार सांय प्रतापगर थाना क्षैत्र ठोकर चोराहा पर अज्ञात व्यक्ति की अकाल मौत हो गई। सांय साईकिल के साथ आया व्यक्ति साईकिल खड़ी कर कुछ देर सीढीयों पर बैठा और नीचे गिर पड़ा। इसको देख वहां मौजूद लोगों ने 108 एम्बुलेंस को सूचित किया जो उसे चिकित्सालय ले गई जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। हॉक 3 पर तैनात कांस्टेबल भारमल एवं सिग्मा 5 पर तैनात राहुल मौके पर पहुंचे। जब तक एम्बुलेन्स उसे ले जा चुकी थी। इस पर पुलिस ने मृतक की साईकिल को कब्जे में लेकर उसकी शिनाख्तगी के प्रयास शुरू किए।

### जेवरात व नकदी चोरी

**उदयपुर,** 27 मई। अम्बामाता थाना क्षैत्र में सूने मकान से चोर जेवरात व नकदी चुरा ले गए। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसर पीडित नरेन्द्र कुमार पुत्र चुन्नीलाल निवासी महात्मा गांधी सरकारी विद्यालय के पिछे एकलव्य कॉलोनी गलीनं. 2 ने पुलिस थाने में प्रकरण दर्ज करवाया। जिसमेंपीडित ने बताया कि मैं 22 मई को ड्यूटी पर गया था एवं परिजन गांव गए थे। इस दौरान मकान सूना था। जिसका अज्ञात चोर ताला तोड़ कर सोने का नैकलेस, चांदी के जेवरात एवं करीब 3 हजार रूपये नकदी चुरा ले गए। ड्यूटी बाद घर पहुंचने पर ताला टूटा हुआ एवं कमरोंमें सामान बिखरा पड़ा था। इस दौरान तलाशी लेने पर जेवर व नकदी गायब थी। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर लिया है। जिसकी जांच एएसआई ललितसिंह कर रहे है।

### अधिकारियों को बैठक आज

**उदयपुर,** 27 मई। उदयपुर जिले की प्रभारी सचिव व खान एवं पेट्रोलियम विभाग की शासन सचिव श्रीमती आनन्दी की अध्यक्षता में मंगलवार 28 मई को शाम 5.30 बजे जिला सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार विभाग के सभागार में जिला एवं ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों की बैठक आयोजित होगी। अतिरिक्त जिला कलक्टर राजीव द्विवेदी ने जिला स्तरीय अधिकारियों को राज्य सरकार की प्रमुख योजनाओं की प्रगति रिपोर्ट के साथ बैठक में उपस्थित रहने एवं सभी ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों को वीसी के माध्यम से बैठक में भाग लेने के निर्देश दिए है।

## खेलकूद प्रतियोगिता का समापन

**राजसमंद,** 27 मई। अखिल भारतीय हरिवंशीय कीर समाज, कीर समाज भीलवाडा, शाहपुरा और केकडी के संयुक्त तत्वावधान में यहां पर आयोजित तीन दिवसीय राष्ट्रीय खेलकूद प्रतियोग्यता का समापन हरिवंशीय कीर समाज धर्मशाला धनोप माताजी शक्तिपीठ में वीरांगना मां पूरी बाई कीर कल्याण बोर्ड मध्य प्रदेश के अध्यक्ष गया प्रसाद दायमा के मुख्य अतिथ्य में हुआ। विशिष्ट अतिथि मध्य प्रदेश कीर समाज सेवा संगठन के अध्यक्ष व राष्ट्रीय नशा मुक्ति अभियान के संयोजक कोमल सिंह बानिया, पूर्व जिला शिक्षा अधिकारी भीलवाडा बंशीलाल कीर, शिक्षाविद् सत्यनारायण कीर, टेक्सटाइल मिल के मैनेजर माधवलाल कीर कोटडी, हिंगोनिया सरपंच घीसालाल कीर, पूर्व सरपंच कैलाशचंद्र कीर नपावली चित्तौडगढ, त्रिवेणी चोखला के भोजाराम कीर, बागुदार कीर समाज सीहोर जिलाध्यक्ष भगवतसिंह कीर, भाजपा नेता सुरेंद्र कीर मध्य प्रदेश, बद्रीलाल कीर, आर्जियां कीर समाज प्रदेश उपाध्यक्ष नानूराम कीर, कीर समाज के प्रथम आईपीएस के पिता प्रहलाद कीर अलांबु, नारायणलाल सरस डेयरी भीलवाडा, मध्य प्रदेश कीर समाज के युवा नेता केवल कीर, बंटी कीर, समाजसेवी चंद्रसेन कीर, भाजपा विस्तारक एवं युवा नेता धर्माराम कीर, बर बिलाडा हरिवंशीय कीर समाज कीर प्रदेश सचिव कैलाश चंद्र कीर मोही, बडा चौखला हरिवंशीय कीर समाज के सचिव जगदीश चंद्र कीर, कीर समाज भीलवाडा अध्यक्ष देवीलाल कीरसहित अन्य विशिष्टजनों की मौजूदगी में तीन दिवसीय राष्ट्रीय प्रतियोगिता का समापन हुआ।

# पर्यटकों को उदयपुर की जैव विविधता की ओर करें आकर्षित: संभागीय आयुक्त

**उदयपुर,** 27 मई। उदयपुर जन्तुआलय विकास ट्रस्ट की बैठक सोमवार को संभागीय आयुक्त व ट्रस्ट अध्यक्ष राजेंद्र भट्ट की अध्यक्षता में आयुक्त कार्यालय सभागार में हुई। बैठक में जिला कलक्टर अरविन्द पोसवाल, नगर निगम के महापौर गोविन्दसिंह टांक तथा मुख्य वन संरक्षक (वन्यजीव) एस आर वी मूर्थी भी मंचासीन रहे।

बैठक में संभागीय आयुक्त भट्ट ने कहा कि उदयपुर में प्रति वर्ष जितने देशी-विदेशी पर्यटक आते हैं उनमें से बहुत कम सज्जनगढ़ वन्यजीव अभ्यारण्य और

■ **अभ्यारण्य और बायोलॉजिकल पार्क में सुविधाएं बढ़ाने एवं व्यापक प्रचार-प्रसार के निर्देश**

■ **बाघदर्रा क्रोकोडाइल संरक्षित क्षेत्र के समुचित विकास पर भी मंथन**

बायॉलोजिकल पार्क में पहुंचते हैं। इसका मुख्य कारण यही है कि लोगों को इसकी जानकारी ही नहीं हैं। इसलिए जरूरी है कि जैव विविधता के बारे में अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार किया जाए। उन्होंने वन विभाग को नगर निगम से समन्वय कर शहर के प्रमुख स्थलों पर होर्डिंग्स लगवाने के निर्देश दिए। होटल्स

जन्तुआलय विकास ट्रस्ट की बैठक लेते संभागीय आयुक्त राजेंद्र भट्ट तथा उपस्थित अधिकारीगण।

एसोसिएशन के पदाधिकारियों को भी अपने वहां आने वाले गेस्ट को जैव विविधता स्थलों जैसे सज्जनगढ़ अभ्यारण्य, बॉयोलॉजिकल पार्क, बाघदर्रा क्रोकोडाइट कंजर्वेशन, बटरफ्लाई पार्क, बर्ड पार्क आदि के बारे में बताते के लिए पर्याप्त फ्लेक्स, स्टैण्डीज लगवाने के निर्देश दिए। गाइड एसोसिएशन पदाधिकारियों को भी पर्यटकों को इन स्थलों पर ले जाकर उदयपुर की समृद्ध प्राकृतिक धरोधरों से रूबरू कराने को कहा।

बैठक के प्रारंभ में सदस्य सचिव उप वन संरक्षक वन्यजीव डीके तिवारी ने आय-व्यय का ब्यौरा प्रस्तुत किया। इसमें उन्होंने बताया कि अभ्यारण्य और बॉयोलॉजिकल पार्क के लिए निर्धारित टिकट से में ट्रस्ट को प्रति टिकट 20 रूपए प्राप्त होते हैं। वर्ष 2023-24 में ट्रस्ट की कुल आय तकरीबन डेढ़ करोड़ रही। रखरखाव सहित अन्य कार्यों पर कुल 3.22 करोड़ रूपए व्यय हुए। ट्रस्ट के पास अब तक की कुल बचत 5.37 करोड़ है तथा आगामी सत्र में 5.26 करोड़ के कार्य प्रस्तावित हैं। इस पर संभागीय आयुक्त ने आय बढ़ाने पर जोर दिया।। बैठक में पीडब्ल्यूडी के अतिरिक्त मुख्य अभियंता अशोककुमार शर्मा, उपनिदेशक पर्यटन शिखा सक्सेना, संयुक्त निदेशक पशुपालन डॉ शरद अरोड़ा, आरएसआरडीसी के परियोजना निदेशक शशांक शर्मा सहित अन्य अधिकारीगण, होटल एसोसिएशन तथा गाइड एसोसिएशन के पदाधिकारीगण भी उपस्थित रहे।

बैठक में ग्रीन पीपुल्स सोसायटी के अध्यक्ष राहुल भटनागर, पर्यावरणविद् डॉ तेज राजदान, ट्रस्टी अरविन्द सिंघल आदि ने महत्वपूर्ण सुझाव दिए।

## वीडियो कांफ्रेस के माध्यम से ली बैठक

**उदयपुर,** 27 मई। आगामी वर्षा ऋतु में प्रदेश में प्रारंभ होने वाले सघन पौधरोपण अभियान की तैयारियों की समीक्षा को लेकर अतिरिक्त मुख्य सचिव ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज अभयकुमार ने वीडियो कांफ्रेन्स के माध्यम से बैठक ली।

एसीएस ने कहा कि वर्तमान में प्रदेश में भीषण गर्मी का आलम है। इसे देखते हुए पर्यावरण संरक्षण और संवर्धन की और अधिक आवश्यकता है। राज्य सरकार की ओर से प्रारंभ किया जा रहा पौधरोपण अभियान इसमें सहायक सिद्ध होगा। उन्होंने प्रदेशव्यापी अभियान को सफल बनाने के लिए सभी विभागों को समन्वित प्रयास की आवश्यकता जताई। उन्होंने कहा कि पौधरोपण के साथ ही पौधों की देखभाल भी सुनिश्चित की जानी चाहिए। उन्होंने जिले एवं विभाग वार पौधरोपण लक्ष्यों तथा उनके अनुरूप की जा रही तैयारियों की जानकारी लेते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। वीसी के पश्चात अभियान की नोडल प्रभारी व सीईओ जिला परिषद कीर्ति राठौड़ ने विभागवार लक्ष्यों पर चर्चा की। उन्होंने बताया कि उदयपुर जिले में वन विभाग की ओर से तकरीबन 9 लाख, ग्रामीण विकास पंचायतीराज विभाग की ओर से 3 लाख, शिक्षा विभाग की ओर से करीब साढ़े 6 लाख, जलग्रहण की ओर से 14 हजार, राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण की ओर से 25 हजार, हिन्दूस्तान जिंक की ओर से 15 हजार, खान विभाग की ओर से 9 हजार, महिला एवं बाल विकास की ओर से 6 हजार, राजीविका की ओर से साढ़े 6 हजार पौधे लगाएं जाएंगे।

# प्रकृति-मानव केंद्रित जन आंदोलन की बैठक सम्पन्न

**राजसमंद,** 27 मई। प्रकृति-मानव केंद्रित जन आंदोलन तथा प्रकृति-मानव हितैषी खेती किसानी अभियान उदयपुर संभाग के कार्यकर्ताओं की एक दिवसीय संयुक्त बैठक एडवोकेट अध्यक्ष मंडल बलवंत सिंह राठौड की अध्यक्षता में हुई। बैठक में एडवोकेट मन्नाराम डांगी ने प्रकृति-मानव केंद्रित जन आंदोलन के एजेंडे तथा प्रकृति-मानव हितैषी खेती किसानी अभियान के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि वर्तमान समय में धन, सत्ता और ताकत केंद्रित भारत सहित विश्व की कॉर्पोरेट व्यवस्था से उत्पन्न और तीव्र गति से बढ रही ग्लोबल वार्मिंग, जलवायु परिवर्तन से मानव सहित संपूर्ण जीव जगत के अस्तित्व को बचाने के लिए प्रकृति और मानव हितेषी प्राकृतिक, जैविक खेती की व्यवस्था बनाने तथा देश के बीच विवादों का हल युद्ध और टकराहट की बजाय संबंधित पक्षों में बातचीत,सहमति से कराकर युद्ध और हथियारों की होड से बचाने तथा उचित समता वाली, जन सशक्तिकरण वाली व्यवस्था बनाने की जरूरत है। इससे पर्यावरण शुद्ध होगा, सभी बेरोजगारों को रोजगार दिया जा सकेगा तथा भूमि, मानव, पशु सहित सभी जीव जंतुओं का स्वास्